**खबर संक्षेप**

### रामेश्वरम जाने वाली ट्रेन स्थगित, अब पाँच मार्च को होगी रवाना

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत शनिवार 1 मार्च की दोपहर कटनी से वरिष्ठ नागरिकों को रामेश्वरम लेकर जाने वाली विशेष ट्रेन स्थगित हो गई है। अब यह ट्रेन पाँच मार्च को रामेश्वरम की तीर्थ यात्रा के लिये रवाना होगी। आईआरसीटीसी के भोपाल स्थित आर ओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी राहुल होलकर द्वारा जिला प्रशासन को दी गई सूचना के अनुसार रामेश्वरम के लिए 1 मार्च को निर्धारित एमएमटीडीवाई-11 मुख्य मंत्री तीर्थ दर्शन ट्रेन का प्रस्थान स्थगित कर दिया गया है। नई प्रस्थान तिथि 5 मार्च को निर्धारित की गई है। यह स्थगन ट्रेन की पैंट्री कार में पाई गई तकनीकी समस्याओं के कारण किया गया है। सभी तीर्थ यात्रियों की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिये इस तकनीकी समस्या को शीघ्र दूर कर लिया जायेगा और अब 5 मार्च को इसे रामेश्वरम रवाना किया जायेगा।

### शहर में भारी वाहनों का प्रवेश किया प्रतिबंधित

**कटनी।** उपखंड मजिस्ट्रेट कटनी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा वर्तमान में आयोजित माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल द्वारा बोर्ड कक्षाओं की परीक्षाओं के पेपर छूटने पर अचानक शहर में यातायात दबाव बढ़ने एवं वाहन दुर्घटना होने एवं जनहानि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए शहर में चाका-बायपास, पीरबाबा-बायपास, जुहला बायपास तथा पन्ना मोड से भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन, प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। यह आदेश 2 मार्च से 25 मार्च 2025 तक प्रभावशील रहेगा। विदित हो कि पूर्व में यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी आदेशानुसार कटनी शहर में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक नो एन्ट्री में भारी वाहनों के प्रवेश पर छूट गई थी। किंतु वर्तमान में आयोजित परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

### अवकाश के दिन भी खुलेंगें पंजीयन कार्यालय

**कटनी।** संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ ही जिले में जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को देखते हुए महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक मध्यप्रदेश के निर्देश पर 14 मार्च होली को छोड़कर मार्च महीने के प्रत्येक शनिवार व रविवार को जिला पंजीयक के साथ ही समस्त उप पंजीयक कार्यालय शासकीय एवं पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे।

### मिस्क्सर से जा भिड़ी कार, चालक को आई चोट



**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत के खिरवा और सिमरिया के बीच मिस्क्सर मशीन और कार की आपस में भिड़ंत हो गई। घटना में कार चालक को चोट पहुचीं हैं। जानकारी के मुताबिक वाहन चालक बड़ी पोंडी से ट्रैक्टर में मिस्क्सर मशीन फंसाकर ढीमरखेड़ा लेकर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही रही कार क्रमांक एमपी 20 जेडई 0964 का चालक मिस्क्सर में जाकर भीड़ गया।घटना में मिस्क्सर मशीन और कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक को भी चोट आई है।

### सहायक शिक्षक रिटायर

**उमरियापान।** सीएम राइज शास उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान में पदस्थ सहायक शिक्षक ओमप्रकाश झारिया सेवानिवृत्त हो गए हैं। उन्होंने 38 वर्षों तक सेवाएं दी। विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी।

## मुख्य मार्ग के किनारे स्कूल, अस्पताल एवं सरकारी दफ्तर हैं संचालित

# रिहायशी क्षेत्र से निकल रहे भारी वाहनों से बना रहता है हादसे का डर, रोक लगाने की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

नगर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्र के अलावा व्यस्ततम स्थानों में अस्थायी अतिक्रमण और भारी वाहनों की दिनभर आवाजाही से न सिर्फ जाम की स्थिति बनती है बल्कि हादसा होने का अंदेशा भी बना रहता है। नगर के मुख्य मार्गों के किनारे ही समस्त शासकीय कार्यालय, विद्यालय, सिविल कोर्ट, न्यायालय, बैंक, संयुक्त तहसील कार्यालय आदि का संचालन हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि सब कुछ आंखों के सामने होते हुए देखकर भी समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई भी प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। अराजक व्यवस्था में सुधार नहीं होने के कारण न सिर्फ वाहन चालक परेशान होते हैं बल्कि आम नागरिकों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य मार्गों के फुटपाथ में दुकानदार अपनी सामग्री फैला देते हैं इसके अलावा जगह जगह बेतरतीब ढंग से वाहनों की पार्किंग कर दी जाती है। रही सही कसर को हाथ ठेला संचालक पूरी कर देत हैं। नगर के मुख्य से ही बसों के अलावा रेत, गिट्टी, पत्थर लोड भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ओवरलोड भारी वाहनों की वजह से हादसों का डर भी बना रहता है। पूर्व में कई बार हादसे हो भी चुके हैं। भारी वाहनों की वजह से सड़कों की हालत भी खस्ताहाल हो चुकी है।



स्थानीय रहवासियों का कहना है कि भारी वाहनों के चलते कई बार न सिर्फ संपत्ति को नुकसान पहुंचा है बल्कि हादसों में लोग घायल भी हो चुके हैं। प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से कई बार रहवासी क्षेत्र के भीतर से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की गई लेकिन किसी के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान समय में बोर्ड परीक्षाओं का समय चल रहा है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का आना जाना लगा रहता है। सड़क किनारे स्कूल होने की वजह से हादसे होने का अंदेशा भी बना रहता है। इसके अलावा जाम लगने के कारण विद्यार्थियों को विलंब भी होता है। तमाम परेशानियों को देखते हुए कलेक्टर से मांग की गई है कि एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित कर जनहित एवं छात्र-छात्राओं सहित क्षेत्रीय जनों के आवागमन मैं सुविधा प्रदान करने का सहयोग किया जाए।

नगर के मार्गों में अस्थायी अतिक्रमण एवं पार्किग की वजह से सड़कों की चौड़ाई वैसे भी कम हो जाती है। ऐसे में भारी वाहन प्रवेश करते हैं तो जाम लगने की समस्या बन जाती है। संकीर्ण रास्ते से भारी वाहनों का आवागमन होता है। रहवासियों का कहना है कि नगर के अंधा मोड़ से निकलने वाले भारी वाहन चालक इस मार्ग को सुविधा अनुसार चयन कर रहे हैं। ओवरलोड गिट्टी, पत्थर होने से कई बार सामग्री सड़क में गिर जाती है जिससे वाहन चालक अनियंत्रित भी हो जाते हैं। अंधा मोड़ में पूर्व में भी कई बार हादसे हो चुके हैं। अचानके से भारी वाहनों के आ जाने से छोटे वाहन चालक अनियंत्रित हो जाते है। ओवरलोड भारी वाहनों की धमाचौकड़ी के चलते रास्ता भी खराब हो चुका है इसके बावजूद भारी वाहनों की प्रवेश पर कोई रोक नहीं लग रही। संकीर्ण रास्ते पर छोटे बच्चे खेलते रहते है जिससे डर बना रहता है।

# गुणवत्ताहीन टंकी निर्माण जगह जगह से है लीकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही तहसील अंतर्गत ग्राम बम्हौरी में नल जल योजना के तहत बनी पानी टंकी बने हुए करीब एक वर्ष हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी में जगह जगह से लीकेज जिससे पानी बह रहा है। कई मोहल्लों में अधूरी पाईप लाइन है पाइप बिछायें नहीं गये है। लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में नल जल योजना के तहत लोगों के घर तक पानी देने के लिए लाखों रूपए फूंक रही है वहीं दूसरी ओर टंकी बनाने वाले ठेकेदार सरकार को चूना लगा रहे हैं। कार्य गुणवत्तापूर्ण ना होने के चलते बम्हौरी में पानी की टंकी लीकेज होने के चलते लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव में बिछाई गई पाइप लाइन जगह जगह पर लीकेज होने के कारण गांव की गलियों में पानी भरा रहता है एवं गांव की पक्की सड़क खोदकर जो पाइप लाइन बिछाई गई थी उसकी भी मरम्मत नहीं कराई गई।

ग्राम बम्हौरी के ग्रामीणों ने ठेकेदार के इस तरह के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से जांच



कराने की मांग करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पीएचई के जिम्मेदार अधिकारी को मौखिक व लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी और अधिकारी पूरे गांव में घूमकर स्थित देखे थे और आश्वासन दिया गया था की जहां पाइप लाइन नहीं है वहां पाइप लाइन बिछाई जायेगी और सुधार कार्य करवाया जायेगा पर स्थित ज्यों की त्यों लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप हैकि पीएचई विभाग के अधिकारियों की देखरेख में पानी टंकी का निर्माण कार्य करवाया गया था। अधिकारियों की उदासीनता के चलते टंकी दुर्दशा का शिकार हो गई।

*मिलावटखोरी को रोकने के लिए चलाया जांच अभियान*

# खाद्य विभाग ने डेयरी में की जांच, दूध दही एवं पनीर के लिए सेम्पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

आगामी त्यौहारों को देखते हुए खाद्य विभाग द्वारा समय-समय पर खाद्य से संबंधित दुकानों प्रतिष्ठानों एवं डेयरी पर जांच एवं कार्यवाही की जाती है इसी कड़ी में कटनी जिले से त्योहार को मद्देनजर रखते हुए निरीक्षण के दौरान फूड सेफ्टी ऑफिसर ओ पी साहू द्वारा ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम दशरमन में शिवा डेयरी में दस्तक दी जहां पर 2 घंटे चली कार्यवाही में डेरी संचालक शिवा पटेल के दस्तावेज का परीक्षण किया डेयरी संचालक द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम की मानकों का पालन नहीं किया गया था विक्रय के लिए रखी खाद्य सामग्री स्वास्थ्य के लिए हानिकारक संदेह पर शिवा डेयरी से दूध दही और पनीर के सैंपल लेकर लेबोटरी टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है।





खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओ पी साहू ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। दशरमन की शिवा डेरी में दबिश दी गई जहां पर डेयरी संचालक के पास खाद्य सुरक्षा अधिनियम मानकों का पालन नहीं पाया गया जिसे हिदायत दी गई और ना ही खाद्य सामग्री के बिल पाए गए जिन्हें संदेह की दृष्टि से रखते हुए दूध दही एवं पनीर के सैंपल कलेक्ट करके प्रयोगशाला भेजी जा रही है रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कटनी आगमन आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 2 मार्च को कटनी के प्रवास पर रहेंगें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार की शाम 4.25 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा कटनी के झिंझरी स्थित हेलीपैड पर शाम 4.50 बजे पहुंचेगें। वे यहां के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा जबलपुर के डुमना विमानतल के लिये प्रस्थान करेंगें। जहां से वे राजकीय वायुयान द्वारा भोपाल रवाना होंगें।

## माशिमं के उपाध्यक्ष ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



परीक्षा का निरीक्षण शनिवार को मध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त के द्वारा किया गया। उनके द्वारा कटनी जिले के परीक्षा केंद्र बर्डस्ले उच्च माध्यमिक विद्यालय, के सी एस स्कूल,शास उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्हवारा , भैसवाही एवं देवरा कला कटनी स्कूल के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी केंद्र में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं मंडल के नियमानुसार संपन्न कराना पाई गई। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह,सहायक संचालक राजेश अग्रहरी, व्यवसायिक शिक्षा समन्वयक राकेश बारी व श्रीमती सुनीता उईके भी उपस्थित रही।

# त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी रंगों के पर्व होली को लेकर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा प्रयास करना शुरू कर दिया गया है। अपराधिक एवं अप्रिय घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से रीठी थाना प्रभारी ने दलबल के साथ थाना क्षेत्र के पारधी बाहुल्य ग्रामों में भ्रमण कर न केवल वहां की कानून व्यवस्था संबंधी चुनौतियों का जायजा लिया, बल्कि क्षेत्र के ग्रामीणों से पर्व के दौरान शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था बहाल रखते हुए पर्व मनाने की अपील भी की।

थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि होली पर्व के दौरान शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पर्याप्त पुलिसिंग और सतत निगाह रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तहत आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, एसडीओपी मुख्यालय उमराव सिंह के मार्गदर्शन में रीठी पुलिस ने थाना क्षेत्र में मौजूद पारधी बाहुल्य ग्राम देवगांव, बिरुहली, रेपुरा, इमलिया मे पारधी बाहुल्य बस्ती में जाकर पारधी लोगो को आगामी होली के त्योहारों को शांति पूर्ण मनाने हेतु हिदायत दी गई।



इस दौरान थाना प्रभारी रीठी उप निरीक्षक सिद्धार्थ राय, कार्यवाहक उप निरीक्षक विनोद पटेल, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक चूड़ा मणि पांडे, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, भोलाराम गुप्ता, आरक्षक शमसेर सिंह आदि की की उपस्थिति रही।

*संयुक्त संचालक लोक शिक्षण एवं डीईओ ने किया जवाब तलब*

# झिन्ना पिपरिया व दशरमन में नकल प्रकरण पर केन्द्राध्यक्ष, सहायक सहित 4 शिक्षकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण प्राचीश जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने 28 फरवरी को 12वीं कक्षा की अंग्रेजी परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण पाये जाने पर केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष सहित 4 शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री जैन को 28 फरवरी को निरीक्षण में मिली विसंगतियों पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिन्ना पिपरिया के केन्द्राध्यक्ष भारत सिंह प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जिसमें माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निर्देशानुसार शेष प्रश्न-पत्र सील्ड कर कक्ष में ही रखे जाने, शेष प्रश्न पत्र केन्द्राध्यक्ष के पास पाये पर नोटिस जारी किया है। प्रश्न पत्र पैकिट ओपन करने के पूर्व पर्यवेक्षक एवं परीक्षार्थी द्वारा हस्ताक्षर नहीं किये गये। अभिरक्षा पंजी का संधारण नियमानुसार नहीं किया गया हैं। छात्र टाट पट्टी में बैठे पाये गये। पर्यवेक्षक कार्य पूर्ण सजगता से नहीं किया जा रहा। परीक्षा केन्द्र पर तीन छात्र अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुये पाये गये। सहायक केन्द्राध्यक्ष श्रीमती पल्लवी पाण्डे एवं पर्यवेक्षक शिवनाथ रजक, श्रीमती निधि गुप्ता. सतेन्द्र पटेल झिन्ना पिपरिया का कार्य भी संतोषजनक नहीं पाया गया। इन तथ्यों से स्पष्ट प्रतीत होता हैं, कि आप परीक्षा की संवेदनशीलता को गंभीरता से न लेते हुये प्रदत्त पदीय दायित्वों का निर्वहन सही ढ़ग से नहीं कर रहे हैं। इसके लिए प्रमाण सहित जवाब प्रस्तुत करने की हिदायत दी गई है। इसी प्रकार श्री जैन ने सहायक केन्द्राध्यक्ष परीक्षा केन्द्र शासकीय उमावि झिन्ना पिपरिया ढीमरखेडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कक्षा 12 वीं विषय अंग्रेजी की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा केन्द्र में एक नकल प्रकरण बनाया गया, जिसमें आपके द्वारा प्रकरण बनाने की प्रकिया दौरान, नकल पर्ची को मोड़ कर फेक दिया गया। इससे प्रतीत होता हैं कि आप परीक्षा नियमो का सही ढंग से पालन नहीं कर रहें हैं अथवा अनिभिज्ञ हैं। इस संबंध में अपना जवाब प्रस्तुत करें। इसके अलावा डीईओ पीपी सिंह ने परीक्षा केन्द्र शासकीय उमावि दशरमन में 28 फरवरी को 12वीं विषय के अंग्रजी की परीक्षा में 1 नकल प्रकरण दर्ज होने पर पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त माध्यमिक शिक्षक अनिल कुम्हार शासकीय इपीएस शाला गोपालपुर और प्राथमिक शिक्षक सुनारखेड़ा जितेन्द्र कुर्मी तथा प्राथमिक शिक्षक झिन्ना पिपरिया सतेन्द्र पटेल और प्राथमिक शिक्षक निधि गुप्ता रिछाई घाट को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि दायित्व निर्वहन में घोर लापरवाही के कारण नकल प्रकरण पंजीबद्ध हुआ।

## नवोदय विद्यालय बड़वारा में छात्राओं हेतु प्रेरणा स्त्रोत मार्गदर्शन आयोजित

# छात्राओं को कैरियर के लिए दिया मार्गदर्शन, अनुभव किये साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा, में शनिवार को रोल मॉडल जागरूकता अभियान कार्यकम रखा गया जिसमें कटनी एवं जबलपुर जिले के विभिन्न पदों पर आसीन सुश्री धनश्री जैन (बी.ई.ओ./ असिस्टेंट डायरेक्टर एजुकेशन कटनी) तथा सुश्री अंकिता बर्मन (असिस्टेंट कमिश्नर जबलपुर) रिसोर्स पर्सन रहे। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा, जिला-कटनी की छात्राओं को रोल मॉडल जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत अपने-अपने अनुभव साझा किये तथा छात्राओं को उनके कैरियर के लिये भी मार्गदर्शन दिये साथ ही जतिन लाहौरिया बी.ई.ओ. बड़वारा) ने भी कैरियर मार्गदर्शन रिसोर्स पर्सन के रूप में 10वीं के छात्रों को अपने अनुभव साझा करते हुए उनकी कैरियर काउंसलिंग भी की तथा किसी भी क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने के लिये उन्हें प्रेरित किया तथा बच्चों को गृह कार्य दिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में एवं कार्यकम प्रभारी श्रीमती रेणुका भारद्वाज तथा डॉ. पवन कुमार सिंह के सहयोग से सम्पन्न हुआ।







### ग्रीन स्कूल जागरूकता के तहत विशेषज्ञ वार्ता आयोजित

जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा, जिला-कटनी में दिनांक 01.03.2025 को ग्रीन स्कूल जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यकम रखा गया जो विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटनी जिले के कृषि वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार चन्द्रवंशी ने बच्चों को ग्रीन स्कूल के साथ-साथ क्लाईमेट चेंज एवं खेती के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी दिए। साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के उपाय भी बच्चों को विस्तार से बताया एवं बच्चों को प्रतिवर्ष एक-एक पेड़ लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाये रखने के लिये मार्गदर्शन दिये। ग्रीन स्कूल जागरूकता अभियान के प्रभारी श्रीमती रेणुका भारद्वाज एवं डॉ. पवन कुमार सिंह ने भी अपनी सहभागिता का निर्वहन किया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**कुठला थाना क्षेत्र के चाका बायपास में हुआ सड़क हादसा**

कुठला थाना अंतर्गत चाका बायपास मार्ग में हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि बरियारपुर गांव से अपने जीजा को लमतरा में छोड़कर बाइक से घर लौट रहे युवक और उसके दोस्त को कार ने टक्कर मार दी। दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कटनी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बरियारपुर रीठी निवासी संतोष यादव पिता रामलाल यादव 35 साल, अपने गांव के ही दोस्त रोहित आदिवासी पिता बलुआ आदिवासी 45 वर्ष के साथ शुक्रवार की शाम को अपने जीजा को छोड़ने लमतरा गांव गया था जीजा को रात में लमतरा में छोड़ने के बाद दोनों मोटर साइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों कुठला थाना क्षेत्र के केलवारा गांव के पास पहुंचे उनकी मोटर साइकिल को एक कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोट आई। इसके बाद आस-पास के लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौराना दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने युवकों के स्वजनों को सूचना दी और शनिवार को दोनों के शव का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें उसे स्वजनों को सौंप दिया। इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह का आज होगा आयोजन

**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में नीरज टॉकीज प्रांगण गायत्री नगर में गृहस्थ जीवन में कमल समान जीवन यापन करने वालों का सम्मान समारोह 2 मार्च दिन रविवार को 3:00 बजे से आयोजित किया जा रहा है जिसमें संत महामंडलेश्वर कमल किशोर महाराज शिवशक्ति अखाड़ा सहारनपुर , गुरुमाता साध्वी अनीता दीदी सहारनपुर बीके राजयोगिनी पुष्पा दीदी सब कोऑर्डिनेटर धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन राजिम मध्यप्रदेश, राजयोगिनी बीके भारती दीदी कथा वाचक, अंतर्राष्ट्रीय धर्मगुरु महामंडलेश्वर पूज्य संत राधेजी सरकार जबलपुर , परम तपस्वी संत त्यागीजी महाराज ज्ञान तीर्थ विश्व कल्याण आश्रम स्वर्ग धाम विलायत कला कटनी, आचार्य परमानंद ग्राम सोहारा जिला सतना, राजयोगी ब्रह्माकुमार नारायण भाई जोन कोऑर्डिनेटर धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन, पुष्पेंद्र महाराज प्रेम नारायण जन सेवा संस्थान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे । सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने सभी धर्म प्रिय लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है ।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, दोनो पहुंचे थाना

**कटनी।** किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच में मारपीट हो गई। दोनो पक्षों ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है। मामला बाकल थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि थाने पहुंचकर दोपहर के समय ग्राम राजा सलैया निवासी देवेन्द्र सिंह गोड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जय कुमार सिंह, विक्रम सिहं ने उसके साथ विवाद कर एक राय होकर गालीगलौज कर जमकर मारपीट कर दी व जान से मारने की धमकी दी। इधर विक्रम सिंह गोड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जितेन्द्र सिंह, अशोक, देवेन्द्र सिंह गोड ने एक राय होकर गालीगलौज कर उसके साथ मारपीट कर दी व जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार रज्जन निषाद पिता शंकर लाल निषाद 35 निवासी हनुमानगंज थाना कोतवाली का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। इसी प्रकार एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत अनुराग नागोत्रा पिता स्व. सुनील नागोत्रा 26 निवासी रोशननगर थाना एनकेजे का शव भी फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### दीवार की चपेट में आने से महिला की मौत

**कटनी।** दीवार की चपेट में आ जाने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई है। घटना बाकल थाना क्षेत्र के ग्राम मोहतरा की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार गोमती बाई पति सोनेलाल 75 निवासी मोहतरा थाना बाकल की दीवार गिरने से चोट लगने के कारण मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### ढीमरखेड़ा की टीम ने बिछिया देवरी को 5 विकेट से हराया



**सिलौड़ी।** देवरी बिछिया में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला देवरी बिछिया और ढीमरखेड़ा के बीच खेला गया ।देवरी बिछिया की पूरी टीम 66 रन बनाकर आल आउट हो गई ।जवाबी पारी खेलते हुए ढीमरखेड़ा ने 5 विकेट खोकर 14 ओवर में ही 67 रन बनाकर मैच जीत लिया । समापन समारोह में विजेता टीम 25000 रुपया और शील्ड और उपविजेता टीम 12500 रुपया और शील्ड का पुरुस्कार सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, सिलौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, डॉक्टर प्रशांत राय,पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल ने प्रदान किया ।

## जहां अतिक्रमण हटाने की कवायद पूरी हुई वहां सड़क निर्माण हुआ शुरू

# घंटाघर पहुंच मार्ग की समस्याओं से शीघ्र मिलेगी निजात, डामलीकरण हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के अति व्यस्ततम क्षेत्रों में शुमार चांडक चौक से घंटाघर पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण एवं निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। जहां अतिक्रमण हटाया जा चुका है वहां सड़क डामलीकरण का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए आगे की प्रक्रियाओं को भी तेजी से किया जा रहा है ताकि शीघ्र ही नगरवासियों एवं वाहन चालकों को राहत मिल सके। निगम प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि यदि अब कोई अड़चन नहीं आई तो संभवतः डेढ़ से दो माह में चौड़ीकरण के साथ पूरी सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

इस संबंध में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि जहां 12 मीटर तक चौड़ीकरण हो गया है, और लोगों ने अपने निर्माण हटा लिए हैं, वहां डामरीकरण का काम शुरू कर दिया गया है ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। फिलहाल दौलती देवी धर्मशाला के पास से 12 मीटर सड़क निर्माण चल रहा है। चांडक चौक की ओर भी जल्द डामरीकरण कार्य पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि इस मामले में नगर निगम परिषद की बैठक में यह सहमति बनी थी कि चौड़ीकरण के साथ मजबूत सड़क बने। यह मामला सदन से लेकर विधानसभा तक पहुंचा। पर देर सबेर ही सही, लोगों को अब अच्छी और चौड़ी सड़क की सौगात मिलने जा रही है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा आंदोलन और सड़क जाम जैसे प्रदर्शन भी किए गए। विधायक संदीप जायसवाल भी चौड़ीकरण के साथ सड़क निर्माण के पक्षधर थे, किंतु उन्होंने विधानसभा में तात्कालिक राहत के लिए मार्ग में डामरीकरण की एक लेयर बिछाने की बात कही थी।

महापौर और एमआईसी इस पक्ष में थी कि चौड़ीकरण के साथ 12 मीटर की सड़क लोगों को मिले। महापौर प्रीति सूरी ने नगर निगम के अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ सड़क निर्माण का निरीक्षण भी किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। सड़क निर्माण को लेकर सभी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शहर विकास की दिशा में सहयोग की अपील की है।





## बलात्कार के आरोपी को 10 साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दुष्कर्म के एक मामले में विशेष विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने आरोपी दुखी सिंह ठाकुर (गौंड) को धारा 376 (1) भादवि में 10 वर्ष सश्रम कारावास व 2000 रुपए अर्थदंड व धारा 366 भादवि में 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस प्रकरण में पैरवी आशुतोष द्विवेदी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विशेष लोक अभियोजक जिला कटनी ने की।

जानकारी देते हुए मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार -गर्ग ने बताया गया कि पीड़िता - आरोपी दुखी सिंह को 4-5 सालों से जानती थी। वह जबलपुर में रहकर प्राइवेट काम करती थी और अक्सर घर आती रहती थी। 15 मार्च 2019 को पीड़िता अपने घर से जबलपुर जाने का कहकर निकली थी और आरोपी दुखी सिंह के साथ महाराष्ट्र चली गई थी। महाराष्ट्र में सावनेर में रही, दुखी सिंह भी साथ ही था। वहां दो दिन रहकर पीड़िता जबलपुर वापस आ गई थी, फिर वहां से पीड़िता एक गांव आ गई थी, फिर वहां से कटनी आ गई थी। इसके बाद पीड़िता आरोपी दुखी सिंह के साथ असबारी शहडोल आ गई थी। इस दौरान आरोपी दुखी सिंह ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस मामले की रिपोर्ट पीड़िता ने थाना स्लीमनाबाद में दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के आधार पर थाना स्लीमनाबाद में आरोपी दुखी सिंह ठाकुर (गौंड) उर्फ दुखी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी दुखी सिंह विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

### शिकायत करने पर युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** विकास कार्यों में की जा रही अनियमितताओं की शिकायत करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। शिकायत करने वाले के साथ मारपीट की गई जिससे वह घायल हो गया। मामला कुठला थाना बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम घुड़हर का है। बताया जाता है कि ग्राम घुड़हर निवासी शेख बिलाल मंसूरी द्वारा ग्राम में होने वाले विकास कार्यों को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसकी जांच के लिए इंजीनियर की तीन सदस्यीय टीम गांव में आई थी। उसी दौरान जीआरएस एवं अन्य लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की गई। र वीडियो बनाने पर मोबाइल तोड़ दिए गए।

*कलेक्टर ने की कार्यवाही, कनिष्ठ सहायक निलंबित, शाखा प्रबंध को कार्य से किया गया विरत*

## धान की सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर दो के विरूद्ध की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मझगवा ओपन कैप में भंडारित धान के रख-रखाव और सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन के कनिष्ठ सहायक अशोक पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं शाखा प्रबंधक एवं सहायक गुणवत्ता नियंत्रक सत्येन्द्र प्रजापति को पदीय दायित्वों के निर्वहन में कोताही बरतने पर शासकीय कार्य से विरत कर दिया है।

बताते चलें कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान का भण्डारण ओपन कैप मझगवां में किया गया है। कलेक्टर श्री यादव के संज्ञान में मझगवां ओपन कैप से धान चोरी होने का मामला आते ही उन्होंने प्राथमिक जांच कराई , जिसमें अशोक पटैत कनिष्ठ सहायक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन कटनी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाना पाया गया और न ही कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर श्री यादव ने कनिष्ठ सहायक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन कटनी अशोक पटैल के इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को एक आदेश जारी कर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कनिष्ठ सहायक द्वारा अपने पदीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही बरती गई है ,जो कि न केवल अवांछनीय है, अपितु अनुशासनहीनता का भी परिचायक है। इस प्रकार अशोक पटैत कनिष्ठ सहायक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन कटनी को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पटैल का मुख्यालय म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन कटनी नियत किया जाता है तथा निलंबन अविध में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

इसी प्रकार ओपन कैप में भण्डारित धान की रख-रखाव एवं सुरक्षा का उत्तरदायित्व म.प्र. वेअर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन के शाखा प्रबंधक का होने के बाद भी सतेन्द्र प्रजापति सहायक गुणवत्ता नियंत्रक एवं प्र. शाखा प्रबंधक शाखा मझगवां के द्वारा अपने पदीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही बरती गई ।जो कि न केवल अवांछनीय है, अपितु अनुशासनहीनता का भी परिचायक है। इसलिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर सतेन्द्र प्रजापति सहायक गुणवत्ता नियंत्रक एवं प्र. शाखा प्रबंधक शाखा मझगवां को तत्काल प्रभाव से शासकीय कार्यों से विरत कर दिया है। इस अवधि में श्री प्रजापति का मुख्यालय म.प्र. वेअर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन कटनी नियत किया जाता है तथा उक्त अवधि में मासिक पारिश्रमिक का 50 फीसदी पारिश्रमिक ही प्राप्त होगा।

## मिनरल वॉटर नेचर ड्यू प्रोसेसिंग की ली जानकारी



शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की छात्राओं ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिंघनपुरी में पहुंचकर महक इंटरप्राईजेज द्वारा संचालित पानी प्लांट में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर मिनरल वॉटर नेचर ड्यू के संचालक जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा एवं प्लांट के कर्मचारियों ने महाविद्यालय की छात्राओं एवं शैक्षणिक स्टाफ का स्वागत किया। प्लांट के भ्रमण के दौरान केमिस्ट एवं बायोमेडिकल स्टाफ द्वारा मिनरल वॉटर की प्रोसेसिंग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। जिसमे बताया गया कि किस तरह मिनरल वॉटर का निर्माण करते हुए उसकी बॉटल में पैकेजिंग की जाती है। इस अवसर पर कॉलेज की 40-45 छात्राओं ने मिनरल वॉटर की जानकारी प्राप्त की।

## शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

तहसील क्षेत्र के ग्राम हरैया मैं सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसके भव्य समारोह अवसर पर शिविर के दौरान छात्राओं द्वारा ग्रामीण जनों को रैली निकाल कर, सोख्ता गड्ढा बना कर , नुक्कड़ नाटक एवं नारा लगाकर, दीवार लेखन कर, वृक्षारोपण ,पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, बाल संरक्षण, बाल अपराध, नशा मुक्ति, मतदाता जागरूकता मय भारत पोर्टल रजिस्ट्रेशन ,स्वच्छता विभिन्न कार्यक्रम से लोगों को जागरूक किया गया , शिविर के दौरान ही राहत समर्पण सेवा समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कैमोर



विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 150 ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा दवाइयां एवं चश्मा निशुल्क प्रदान किए गए ,

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीसी मेंबर स्नेह लता लोधी , विशिष्ट अतिथि सरपंच श्रीमती मुंडी बाई सचिव इंद्रपाल पटेल ,रोजगार सहायक अजय कचेर, समाजसेवी कृष्ण पाल सिंह, चंदा प्रसाद, काशी प्रसाद पटेल विकास जायसवाल, पंडित जागेश्वर प्रसाद मिश्रा हंसराज सिंह अंकुर नामदेव महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एमपी स्वर्णकार सहायक प्राध्यापक एस्तर दया, नीलांचल मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

*नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक*

## रैली निकाल पर्यावरण, जल संरक्षण एवं जैविक खेती का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुआं में संचालित हो रहा है। साथ ही शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती सत्यवती सिंह, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सतीश विश्वकर्मा, कैश अंसारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, शंकर सिंह, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।




इसी कड़ी में शिविर के पंचम दिवस प्रातः काल सर्वप्रथम जागरण, परेड, व्यायाम, योग एवं स्वल्पाहार करने के पश्चात परियोजना कार्य में थीम पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया गया । बौद्धिक परिचर्चा में जैविक खेती के विषय विशेषज्ञ नितिन तिवारी तथा महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के लिये स्वयंसेवकों तथा ग्रामवासियों का मार्गदर्शन किया गया। साथ ही प्रतिदिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतिया दी गई।

## त्यौहार में अतिरिक्त यातायात को क्लीयर करने लिया गया निर्णय

# होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी होली पर्व के दौरान यात्रियों को सुविधा देने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेने चलाई जाएंगी। स्पेशल ट्रेनों से रेल यात्रा करने वालों को काफी राहत मिलेगी। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। इन स्पेशल ट्रेनों की संक्षिप्त जानकारी निम्न है।




गाड़ी संख्या 02186/02185 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप, गाड़ी 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 08 एवं 12 मार्च 2025 को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 08 एवं 12 मार्च 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01704/01703 रीवा-रानी कमलपति-रीवा स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप :- गाड़ी 01704 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 16 मार्च 2025 को रीवा से सायं 18:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोर में 04:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01703 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 17 मार्च 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 06:15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सायं 17:10 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप :- गाड़ी 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 12 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 03:40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप :- गाड़ी 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन 08 एवं 15 मार्च 2025 को कोटा से रात 21:05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सायं 18:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन 09 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से रात 21:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 22:25 बजे कोटा स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01663/01662 रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप :- गाड़ी 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 12 एवं 15 मार्च 2025 को रानी कमलापति से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01662 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 13 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है

## बच्चों के सीखने के कौशल में सुधार लाने समर कैंप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सनशाइन अकादमी में बच्चो के लिए समर कैंप का आयोजन 24 फ़रवरी से 01 मार्च तक किया गया। इस कैंप में पहले दिन बच्चों का शानदार रिसपांस मिला। यहाँ कैंप 2 वर्ष से 7 वर्ष तक तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इसमें विद्यार्थियों को एक्सपर्ट्स द्वारा फोनिक्स, जुम्बा, कर्सिव राइटिंग इंप्रूवमेंट, डांस एवं फन विथ क्राफ्ट के बारे में सिखाया जा रहा है। शनिवार को समर कैंप के आखिरी दिन बच्चों के लिए विशेष डिस्को पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने पार्टी पोशाक पहनी थी, मैंने आए थे, सभी बच्चों ने रंग बिरंगे आधुनिक पार्टी ड्रेस बहुत सुंदर या आकर्षक लग रही थी, बच्चों ने सभी शिक्षकों के साथ डिस्को पार्टी को बहुत आनंद लिया और बहुत डांस भी किया। इस पार्टी को बहुत उत्साह से इस एक्टिविटी को पूरा किया।साथ ही साथ बहुत आनंद लिया समर कैंप का लक्ष्य बच्चों के सीखने के कौशल में सुधार लाना है जिसमें बच्चो ने बहुत एंजॉय किया ।

विद्यालय की निर्देशिका श्रीमति जूही जैन व वाईस-प्रिंसिपल श्रीमती शबनम अख्तर ने बच्चों को संबोधित किया और समर कैंप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्रों को कैंप में धूम मस्ती के साथ कई नई चीज सीखने का मौका मिलाता है और छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा समय है जो अमूल्य है।

उन्होंने कहा कि समय के अर्थ को समझना चाहिए और अपने अमूल्य समय को व्यर्थ करने के स्थान पर अथक परिश्रम करना चाहिए। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की शिक्षिकाओ के सहयोग से ये कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## खबर संक्षेप

### गडरिया महासभा के नए ब्लॉक अध्यक्ष बने भगवत धनगर

**बनवार**। अखिल भारतीय गडरिया महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल पाल की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाल, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजेश श्रीपाल की सहमति से भगवत धनगर को अखिल भारतीय गडरिया महासभा का जबेरा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही मनीष पाल को उपाध्यक्ष, चेतराम पाल को कोषाध्यक्ष, और कमलेश धनगर को सचिव बनाया गया है। भगवत धनगर की नियुक्ति पर प्रमोद धनगर, गन्नू धनगर, शोभा धनगर, मनोज धनगर, मनीष धनगर, लक्ष्मण धनगर, और शिवम धनगर सहित कई लोगों ने बधाई दी है।<

### पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट मामला दर्ज

**अमानगंज**। पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम मकरगंज सिमरिया में मारपीट का मामला सामने आया है जिसमें एक महिला को एक युवक द्वारा उसके घर से बाहर निकालकर उसे मारपीट कर चोटिल किया एवं अनुचित गाली देते हुए जान से मार डालने की धमकी दी गई घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि फरियादीया तुलसा बाई पति रामकिशन चौधरी उम्र 38 वर्ष निवासी मकरगंज सिमरिया ने बीती रात पुलिस थाना अमानगंज जाकर रिपोर्ट किया

सब्जी लेकर जाने वाले वाहन चालकों को लूट का भय, दिन निकलने के बाद ही पहुंचते है मंडी, तेंदूखेड़ा में काटते है रात

# तेंदूखेड़ा-पाटन क्षेत्र में सब्जी व्यापारियों के वाहनों की रस्सी काटकर हो रही लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा




सब्जी लेकर जबलपुर मंडी जाने वाले वाहन चालक इस समय अज्ञात लुटेरों से परेशान हैं। आए दिन वाहन चालकों से हो रही लूट की घटना से दहशत में आए वाहन चालक दिन निकलने के बाद ही जबलपुर मंडी पहुंच रहे हैं। भले उनका नुकसान हो रहा है, लेकिन मजबूरी में तेंदूखेड़ा में रुककर रात काट रहे हैं।

कुछ दिनों से तेंदुखेडा से होकर गुजरने वाले लोडिंग वाहन दिन निकलने तक तेंदुखेडा में ही खड़े रहते है। क्योंकि उनको भय है कि यदि वह रात्रि में जाते है तो उनके साथ लूट की घटना हो सकती है क्योंकि उनके साथियों के साथ यह घटना हो चुकी है।

शनिवार सुबह तेंदूखेड़ा बस स्टैंड पर कई वाहन सब्जी से भरे खड़े थे जहां उन्होंने अपने रुकने का कारण बताया

### बोरिया कर लेते है चोरी

तेंदूखेड़ा में सुबह पांच बजे तीन पिकअप वाहन सब्जी से भरे खड़े थे। वाहनों में आलू, प्याज की बोरिया लोड थी जबकि इतने समय इन गाड़ियों को जबलपुर मंडी में होना था। कारण पूछने पर वाहन मालिक ओर चालकों ने बताया कि वह सभी यहां पर रुके हुए हैं उन्होंने बताया कि कुछ ही दूरी पर पाटन तेन्दूखेड़ा सीमा पर स्थित बगदरी की घटिया पर लुट के भय से वह रुके है क्योंकि जैसे ही दमोह जिले की सीमा खत्म होती है और जबलपुर जिले की सीमा आरंभ होती है तो वहां पर अज्ञात लोग वाहनों में पीछे से चढ़ जाते है और रस्सी काटकर बोरिया गिरा लेते है।

कई बार ये घटनाएं हो चुकी है घटनाओं को कौन अंजाम देता है यह तो अभी तक रहस्य बना है। लूट की घटना से बचने के लिए हम लोगो ने रात्रि की जगह सुबह उजाला होने पर ही घटिया से आवागमन करना शुरू कर दिया है।

### ब्रेकरो पर होती है घटनाएं

दमोह जिले की सीमा खत्म होने के बाद जैसे ही जबलपुर जिले की सीमा आरंभ होती है वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कई ब्रेकर बनाए गए थे। घटनाओं पर तो अंकुश लग गया, लेकिन उन ब्रेकरो पर पहुंचते ही जैसे ही वाहन धीमा होता है आरोपी लूट की घटना को अंजाम देते हैं।

यह घटनाएं उन वाहन चालकों के साथ ज्यादा हो रही है जो सागर जिले के देवरी महाराजपुर व रहली क्षेत्र से सब्जी लेकर जबलपुर मंडी जाते है। एक सप्ताह में दो, तीन घटनाएं होने के बाद अब सब्जी व्यापारी और वाहन चालक दिन निकलने का इंतजार करते हैं।

वाहन चालकों ने बताया जिस जगह घटनाएं होती है वह स्थान पूरी तरह सुनसान है। तेंदुखेडा थाने की सीमा खत्म हो जाती है और पाटन थाना वहां से सात किलोमीटर दूर पड़ता है।

### चालकों ने दी जानकारी

तुलसीराम पटेल ने बताया एक सप्ताह में दो बार घटनाएं हो चुकी है। पंडा बाबा के आगे घटिया पर जिस जगह ब्रेकर बने है वहां वाहन बहुत धीमा करना पड़ता है। उसी समय अज्ञात लोग पीछे से वाहनों में लटक जाते है और रस्सी काटकर बोरिया निकाल लेते है।

### कई बार हो चुकी घटना

कमलेश पटेल मेकलपुर निवासी ने बताया आलू प्याज की बोरिया लोडिंग वाहन में लोड करके जबलपुर मंडी जाते है। पूर्व में हम लोग सुबह चार से पांच बजे जबलपुर पहुंच जाते थे, लेकिन अब घटिया पर लूट होने की घटनाओं के बाद तेंदुखेडा में रुक जाते हैं। जब दिन निकलने का समय हो जाता तो तेंदुखेडा से जबलपुर की ओर जाते है।

### पूर्व में भी हो चुकी है घटनाएं

वहीं इस स्थान पर पिछले वर्ष भी लूट की घटनाओं घटित हो चुकी है यहां पर पिछले साल गर्मियों के समय जबलपुर से टीकमगढ़ चलने वाली महाकाल बस में भी लूट करने का प्रयास किया गया था जहां अज्ञात लोगों द्वारा झाड़ियों में छिपकर बस पर पत्थर मारे थे जिससे बस का सामने का शीशा टूट गया था जहां बस चालक बिना कांच के बस को चलाते हुए टीकमगढ़ तक गया था इसी तरह तेन्दूखेड़ा के कुछ किराना व्यापारी के साथ भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है जहां वाहन से ओड किराना सामग्री नीचे गिरा ली जाती थी।

इस संबंध में तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने कहा जिस स्थान पर यह घटना हो रही हैं वह पाटन सीमा लगती है मैं पाटन थाना प्रभारी से बात करता हूं और तेन्दूखेड़ा थाने में भी गश्ती के लिए बोलता हूं।

# सेवानिवृत्ति पर शॉल श्रीफल से किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

ग्राम के पशु औषधालय में परचालक फोरक्लास के पद पर 45 वर्ष तक अपनी सेवाये देने वाले रामकृपाल उर्फ टिक्कू बर्मन के सेवानिर्मित रिटायरमेंट होने पर आज विदाई समारोह मनाया गया जिसमें डॉक्टर एबीएफओ आत्माराम मिश्रा द्वारा पशु औषधालय कार्यालय में रामकृपाल बर्मन का साल श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया इस अवसर पर हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने रामकृपाल बर्मन को एक सहज सरल और ईमानदार कर्मचारी बताते हुए फूल मालाओं से उनका स्वागत किया, ज्ञात हो की रामकृपाल बर्मन (टिक्कू) सहज सरल और एक ईमानदार कर्मचारी के तौर पर जाने जाते थे सुबह से शाम तक ड्यूटी करने को ही अपना फर्ज समझते थे ग्रामीण क्षेत्र में सहजता से उपलब्ध हो जाना इनकी आदत में सुमार हो गया था निश्चित रूप से रामकृपाल बर्मन के रिटायरमेंट होने पर अब क्षेत्र वासियों को अपने मवेशियों का इलाज करने में असुविधा होगी।

### मंत्री श्री पटेल आज आयेंगे

**दमोह**। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल आज 01 मार्च को रात्रि 09 बजे अजबधाम फतेहपुर पहुंचेंगे। मंत्री श्री पटेल 02 मार्च 2025 को जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव 2025 एवं 27 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ में शामिल होंगे।

# मनु शतरूपा को मिला वरदान, हुआ श्रीराम अवतार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर नगर की पिपरिया कॉलोनी में चल रही श्री राम कथा एवं विराट रुद्र महायज्ञ में कथा वाचक श्री बटुक नाथ जी महाराज ने मनु शतरूपा की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि मनु शतरूपा ने भगवान को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की और भगवान ने उन्हें वरदान दिया कि वह स्वयं उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे। इस कथा के माध्यम से श्री बटुक नाथ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा और उनकी कृपा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा से ही हमें जीवन में सफलता और सुख मिलता है। इस अवसर पर शारदा समिति के सुरेश पटेल, दौलत पटेल, सुनील पटेल, नरेश पटेल, संजू राय, नंद कुमार ठाकुर, रामेश्वर पटेल, मंजू पटेल सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। ग्राम सहसना, राम सलैया, कोंडा, सिग्रामपुर, हरदुआ, पिपरिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्री राम कथा सुनने का धर्म लाभ अर्जित किया।

# पेंच की बाघिन ने 20 दिन में किए 6 शिकार बना रही अपनी टेरेटरी

**तेन्दूखेड़ा**। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का जंगल बाघों को कितना पसंद है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां पर जितने भी बाघ बाहर से लाए गए हैं वे जंगल के माहौल में ढल गए हैं। विगत एक फरवरी को पेंच टाइगर रिजर्व के पास के ग्राम में जंगली सूकर का शिकार करते समय कुएं में गिरी बाघिन मस्तानी को भी वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लाया गया। जिसे एन-6 नाम दिया है। इस बाघिन ने एन-6 ने 20 में दिन में ठिकाने बदलने के साथ लंबा मूवमेंट किया एवं 6 शिकार किए हैं। यह बाघिन ढाई से तीन साल की है। तीन जिलों की सीमा में फैले इस टाइगर रिजर्व में बाघों का ज्यादातर मूवमेंट दमोह और सागर जिले के क्षेत्र में है। बीते एक फरवरी को बाघिन को नौरादेही रेंज में छोड़ा गया था। जो वहां से आगे बढ़कर सर्रा रेंज होते हुए झापन और मुहली रेंज की सीमा से सटी व्यारमा नदी के किनारे विचरण कर रही है। उसकी निगरानी के लिए ट्रैकिंग टीम 24 घंटे तैनात हैं। ट्रैकिंग टीम उसकी हर गतिविधि पर नजर रख रही है। वहीं टाइगर रिजर्व के विस्थापित हो चुके गांव जो अब खाली और वीरान है, इन गांवों में बाघों का मूवमेंट है। टाइगर रिजर्व से निकली व्यारमा नदी और बमनेर नदी रिजर्व की जीवन दायिनी कहीं जाने वाली नदी का उद्गम स्थल है। यहां मैदानी इलाका होने के साथ ही चट्टानी पहाड़ व घना जंगल भी है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि बाघिन टाइगर रिजर्व में सामान्य है वह शिकार कर रही है। अब तक वह 6 शिकार कर चुकी है। शिकार के चक्कर में कुएं में गिरने के बावजूद भी बाघिन डरी नहीं है। उसके व्यवहार में चिंताजनक बदलाव नहीं हुआ है। वह नए ठिकानों व लंबा मूवमेंट कर रही है।

# जिला नाजिर एवं नजूल रीडर को दी गई समारोहपूर्वक बिदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में जिला नाजिर प्रवीण जैन एवं नजूल रीडर सुभाष पण्ड्या की सेवानिवृत्ति पर बिदाई समारोह कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। समारोह में प्रवीण जैन एवं सुभाष पण्ड्या का पुष्पमाला पहनाकर एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर अपर कलेक्टर मीना मसराम, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम दमोह आरएल बागरी, प्रवीण जैन एवं सुभाष पण्ड्या के परिजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हम सभी अपने कार्य से रिटायर्ड होते है उसी प्रकार हम सभी को जिंदगी से रिटायर होना है, तो हमारी जिंदगी में मृत्यु एक महोत्सव होना चाहिए। आध्यात्मिक उन्नति का चरम पड़ाव भी यही है कि हम अपनी मृत्यु को महोत्सव बनाएं, जैसे एक पेड़ से एक पत्ता गिरता है और दूसरा पत्ता उगता है, यह चक्र चलता रहता है ऐसे ही हम सभी एक दिन जन्मे हैं, एक दिन हम सभी को यहां से जाना है, हमें इसी प्रकार प्राकृतिक रूप से अपने आप को ढाल कर रखना है, कि हमारा जीवन ही नहीं बल्कि हमारी मृत्यु भी महोत्सव बननी चाहिए। यह बात कलेक्टर श्री कोचर ने जिला नाजिर प्रवीण जैन एवं नजूल रीडर सुभाष पण्डया के रिटायरमेंट के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा मैं आप दोनों को आपकी शासकीय सेवाओं के लिए बहुत बधाई देता हूं, जहां-जहां पर भी अपने काम किया है हम सभी आपको आपके कामों के लिए हमेशा याद रखेंगे, आप हमेशा याद रखे जाएंगे। उन्होंने कहा मैं आप दोनों को आपकी शासकीय सेवाओं के लिए बहुत बधाई देता हूं, जहां-जहां पर भी अपने काम किया है हम सभी आपको आपके कामों के लिए हमेशा याद रखेंगे, आप हमेशा याद रखे जाएंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन



**बनवार**। श्री राम दरबार संकट मोचन सिद्ध हनुमान मंदिर खमरिया मानगढ़ में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर कथा वाचक पं.ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद थे।

# सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

रजपुरा थाना में पदस्थ थाना प्रभारी शत्रुघन दुबे 28 फरवरी को पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए । श्री दुबे के रिटायरमेंट के बाद 1 मार्च को विदाई समारोह का आयोजन रजपुरा थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ काशी से पधारे विद्वान कथाचार्य द्वारा पूजन पाठ के साथ शुरू किया गया। रजपुरा और हटा थाना पुलिस परिवार ने पुष्पमालाओं से दुबे जी का स्वागत कर शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में उपस्थिति क्षेत्रीयजनो ने श्री दुबे जी कार्यकाल को याद कर सराहना की। कार्यक्रम में शामिल हुए हटा एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन ने कहा कि इस दौरान उपस्थित हटा विधायक प्रतिनिधि सेवानिवृत्ति एक क्रम है जिसका पालन सभी को करना है ।श्री दुबे जी विभाग के कोहनूर हीरा है। आपका कार्यकाल ओर स्वभाव सदा लोगो के बीच स्मरणीय रहेगा। थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे ने कहा दुबे जी ने सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा दिया है। उनकी छवि विभाग सहित क्षेत्र में लोकप्रिय है। जिला पंचायत सदस्य मडियादो प्रतिनिधि अभिषेक जैन ने कहा शानदार कार्यशैली के श्री दुबे जाने जाते है। उनकी कार्यशैली निष्पक्ष और निर्भीक थी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अंकुश खटीक , राजा खान, रामचंद्र यादव, विजय यादव, बल्लू यादव, जसवेंद्र यादव, बबलू नायक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच का संचालन अभय जैन द्वारा किया गया।

# 24 कुण्डीय यज्ञ की कलश यात्रा से शुरूवात



**पथरिया**। नगर में आयोजित 24 कुण्डीय यज्ञ कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो खेर माता मंदिर से शुरू होकर देव संकटमोचन हनुमान मंदिर में समाप्त हुई। इस अवसर पर शांति कुंज हरिद्वार से आए विद्वानों ने अपने विचार साझा किए और गायत्री महायज्ञ के पीछे की भावना को समझाया। कलश यात्रा के पूर्व सुबह से गायत्री परिवार द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें खेरमाई मंदिर, बाजार, लक्ष्मी नारायण मंदिर और गायत्री सिद्ध पहाड़ी शामिल थे। इसके अलावा, नशा मुक्ति अभियान रैली भी निकाली गई उक्त यज्ञ 1 से 4 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी यज्ञ हवन पूजन सुबह 8 बजे से होंगा जिसमें सभी लोग हवन कर सकते हैं और दोपहर 3 बजे से सिद्ध पहाड़ी हरिद्वार से आए विद्वानों के प्रवचन होंगें।

# आज से पवित्र माह रमजान शुरू, मस्जिदों में इबादतों का दौर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



मुस्लिम समाज का पवित्र माह रमजान शनिवार को चांद के दीदार के साथ रमजान के रुहानी सफर का आगाज आज रविवार से शुरू हो गया इसको लेकर मुस्लिम समुदाय में एक अलग ही उत्साह देखा जा रहा है। अल्लाह की इबादत का मुकद्दस का महीना रमजान आज रविवार से रोजदारों द्वारा सहरी खाकर पहले रोजा का शुभारंभ किया जायेगा।

शहर की समस्त मस्जिदों की पुताई व विद्युत लाइटों से मस्जिदों की सजावट शुरू की गई जहां सभी मस्जिदों में इबादतो का दौर शुरू होगा। वैसे तो हटा की जामा मस्जिद विशेष आकर्षक का केन्द्र है। लेकिन नगर के मुख्य बाजार में स्थित जामा मस्जिद प्राचीन मस्जिद है जिसमें बड़े बड़े झूमर व लाइटिंग, ए.सी, सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं के अलावा आला किस्म की सुविधा के साथ उक्त मस्जिद का निर्माण किया गया है।

जामा मस्जिद के सदर मजीद खान व ईदगाह मस्जिद के सदर यासीन खान ने बताया कि शनिवार को चांद का दीदार होने पर रविवार 2 मार्च से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है इस दौरान रात्रि में विशेष नमाज भी पढ़ी जाती है नगर की मस्जिदों के आस पास विशेष सफाई कराई गई साथ ही रात्रि में सहरई की जाती है और शाम को रोजा अवतार किया जाता है तो वही तराबी की नमाज अदा होती है ऐसे समय विद्युत कटौती न की जाए। वही उन्होने कहा कि यदि विद्युत सप्लाई बंद की शिकायतें मिलती है तो उन पर तत्काल संज्ञान लिया जाए।

### रोजा रखना हर मुसलमान पर फर्ज

हक्कू हाजी ने बताया कि इस्लाम में रमजान का रोजा रखना हर मुसलमान पर फर्ज किया गया है। इसे बेवजह नहीं छोड़ा जा सकता। रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। पहला 10 दिन रहमत का, दूसरा दस दिन मगफिरत का और आखिरी 10 दिन जहन्नम से आजादी का है। इस माह में अल्लाह-ताला बंदों का खास रहमत फरमाता है। यही वजह है कि इस माह में एक फर्ज का सवाब सत्तर फर्ज के बराबर और एक नफ्ल का सवाब फर्ज के बराबर मिलता है।

इस महीने में रोजदार रोजा रखने के साथ ही कुरान की तिलावत और अल्लाह की इबादत करते हैं। इस महीने में रहमत और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं, शैतान को कैद कर दिया जाता है माहे रमजान का हर लम्हा अल्लाह की खास रहमतों और बरकतों से भरपूर है इस महीने में अज व सवाब बहुत ही बढ़ा दिया जाता है। नफ्ल का सवाब 70 गुना कर दिया जाता है। इस माह में रोजेदार का सोना भी इबादत में शुमार किया जाता है अर्श उठाने वाले फरिश्ते रोजेदारों की दुआ पर आमीन कहते हैं, अल्लाह-ताला इस महीने के हर दिन अपने बेशुमार बंदों के गुनाहों को माफ फरमाकर उन्हें बख्श देता है, अल्लाह के फरिश्ते रोजेदारों की दुआ पर आमीन कहते हैं रोजेदारों के लिए इफ्तार के वक्त तक दरियाओ की मछलियां भी दुआ करती हैं, और कहां गया है कि रोजा इबादत का दरवाजा है, खुद रब तबारक व अल्लाह-ताला इरशाद फरमाता है।

रमजान माह को लेकर नगर के मंदिर मस्जिद चौराहे पर इफ्तारी की दुकानें भी सजने लगी है। तो वही दुकानदारों द्वारा विभिन्न प्रकार की मिठाईयां बेचने के लिए अभी से तैयारिया प्रारंभ कर दी है। मुस्लिम समाज के लोग रविवार को रमजान प्रारंभ होते हुए इफ्तारी लेने के लिए दुकानों पर पहुंचेगे जिससे की नगर के चौराहा पर शाम के समय भीड़-भाड का माहौल देखा जाएगा।

# जमकर बरसा उर्से बशीरी फैज़ान महफिले रंग से उर्स का समापन

**दमोह**। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय मुर्शिद बाबा मैदान के पास स्थित ख़ानक़ाह में उर्से बशीरी बड़ी शानों शौक़त के साथ मनाया गया। महान सूफ़ी हाजी बशीरुल औलिया का वार्षिक उर्स की महफ़लि का आयोजन हुआ जिसमें हज़रत सूफ़ी सिराजुल औलिया रहमत तुल्लाह अलैह कादरी चिश्ती नक्शबंदी अबुल उलाई जहाँगीरी की की याद में दमोह मरण वर्षों से यह कार्यक्रम होता चला आ रहा है जिसमें दमोह व जिले के बाहर से सभी अकीदतमंद लोग फ़ातिहा कार्यक्रम में शामिल होते हैं। इस दो दिवसीय उर्स की महफिल की अध्यक्षता सरपरस्ती पीरे तरीक़त सूफी हज़रत सैय्यद फ़ैजानुलहक़ साहब ने की जिनकी मौजूदगी में उर्से के सारे कार्यक्रम आयोजित हुए। महफ़लि की शुरुआत 27 फरवरी दिन गुरुवार से हुई जिसमें महफिले नात ख़्वानी व मिलाद शरीफ़ और जिक्रे इलाही हुआ इसके बाद कव्वालियों का कार्यक्रम चलता। वहीं उर्स के दूसरे दिन 28 फरवरी दिन शुक्रवार सुबह कुरान ख्वानी हुई शाम 7 बजे कुल शरीफ की फ़ातिहा बाद फ़ातिहा महफिले समां कव्वालियों का कार्यक्रम हुआ। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल अल्ताफ़ हुसैन मोहसिन हुसैन व पार्टी ने सूफियाना महफ़लि में कलाम पढ़े और अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया उर्स का समापन महफिले रंग से हुआ जिसमें सेकड़ों की तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की आखिर में सभी अकीदतमंदों ने मुल्क में अमन चौन के लिए दुआये माँगी गई गौरतलब है कि यहाँ के उर्स में शामिल होने सभी धर्मों के मानने वाले आते है जो क़ौमी एकता की बेहतर मिशाल पेश करते हैं।

खबर संक्षेप

## साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह 8 मार्च को

**दमोह।** मध्य प्रदेश लेखक संघ के तत्वावधान में 8 मार्च 2025 (शनिवार) को दोपहर बाद 2:00 बजे से स्थानीय मानस भवन (अस्पताल चौराहा) में साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन होगा, इस संबंध में एक बैठक संघ के जिला अध्यक्ष इंजीनियर अमर सिंह राजपूत के निज निवास पर हुई। कोषाध्यक्ष बीएम दुबे ने बताया कि उक्त बैठक में समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया जिसके अनुसार संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी की अध्यक्षता में उक्त समारोह का आयोजन होगा, समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया, नगर पालिका अध्यक्षा मंजू राय, पूर्व विधायक अजय टंडन एवं बीजेपी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे होंगे, विशिष्ट वक्तागण में मध्य प्रदेश लेखक संघ के प्रदेश संरक्षक डॉ. रामबल्लभ आचार्य तथा वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ.एनआर राठौर होंगे। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार सत्यमोहन वर्मा का प्रदेश इकाई द्वारा सम्मान किया जाएगा। बैठक में डॉ. रघुनंदन चिले, नारायण सिंह ठाकुर, नन्हे सिंह ठाकुर, अमर सिंह राजपूत, मंजू राजपूत, पीएस परिहार एवं बीएम दुबे की मौजूदगी रही।

### नहीं थम रहा हादसों का सिलसिला, दो दर्जन घायलों में महिलाए बच्चे शामिल,

# मजदूरों से भरा पिकअप वाहन पलटा, महिला मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

थाना क्षेत्र के रनेह पटेरा मार्ग पर सिग्रामपुरा के समीप मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक महिला मजदूर की मौत हो गई। वहीं दो दर्जन मजदूर घायल हुए है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची रनेह पुलिस के द्वारा एक स्कूल वाहन की मदद से हटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में महिलाए और 4 मासूम बच्चे भी शामिल हैं। हटा सिविल अस्पताल में डाक्टरो की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। वही हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम राकेश मरकाम एसडीओपी प्रशांत सुमन नायब तहसीलदार मीनाक्षी अग्रवाल रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन सिविल अस्पताल पहुचे।





जानकारी के मुताबिक रनेह थाना क्षेत्र के तिंदनी ग्राम से पिकअप वाहन में सवार होकर पटेरा क्षेत्र में गेंहू की कटाई करने जा रहे थे। इसी दौरान बरखेरा चेन और सिग्रामपुरा के समीप अचानक ब्रेकर आ जाने से पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे सवार दो दर्जन मजदूर बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें रनेह पुलिस ने हटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया वही गंभीर घायल धीरज सिंह,कैलाश,2 वर्षीय राज और 10 वर्षीय राशी को 108 वाहन की मदद से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सभी मजदूर कटनी जिले के सलैया गांव निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से भाग निकला। हादसे में सरोज बाई पति हीरा सिह उम्र 52 वर्ष निवासी सलैया जिला कटनी की दुःखद मौत हो गई। जबकि घायलो में 4 मासूम बच्चों समेत दर्जन भर मजदूर शामिल हैं।

वही एसडीओपी प्रशांत सुमन ने कहा कि पिकअप चालक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी। लोडिंग वाहन में सवारी भरकर ले जा रहे लोगो पर भी पुलिस कार्यवाही की जाएगी।

### ऑटो चालक सहित पांच मजदूर गंभीर

**दमोह।** इमलाई फैक्ट्री के समीप शनिवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने सवारियों से भरे इलेक्ट्रॉनिक ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो रिक्शा में सवार चालक सहित पांच मजदूर घायल हो गए। बाद में पर मौके पर पहुंची हंड्रेड डायल और 108 टीम ने घायलों को जिला अस्पताल पहुचाया। घायल अशोक पिता राम सिंह निवासी सिमरी, परमपिता अमोल निवासी लोको, जयकुमार पिता रमेश कुमार निवासी इमलिया, भानु पिता कैलाश अठिया इमलिया भरत पिता कैलाश अठिया निवासी इमलिया का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

### बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**दमोह।** जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कटनी मार्ग टोल टैक्स और बंड़ी टेक के बीच शनिवार सुबह एक वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो जाने का दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है। मृतक की पहचान रज्जू पिता भरोसे सिंह 55 वर्ष निवासी नॉन पानी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रज्जू छत्तीसगढ़ में पॉल्यूशन नियंत्रण विभाग में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था हाल ही में अपने गांव आया था। बाइक से नॉनपानी से मझगुआं जाते समय किसी बहन की टक्कर लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई। फिलहाल टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी नहीं लग सकी है। हादसे के बाद मौके पर हंड्रेड डायल टीम पहुची और घटना की जानकारी हिंडोरिया थाना को दी गई। बाद में हिंडोरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए दमोह भेजा गया। लेकिन पूर्ण कार्रवाई नही हो पाने से पोस्टमार्टम नहीं हो सका। फिलहाल शव जिला अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

## नगर में पेयजल सप्लाई प्रभावित, पानी के लिए परेशान आम जनता

**पथरिया।** नगर की 22 करोड़ 95 लाख रुपए से अधिक की मुख्यमंत्री शहरी पेयजल आपूर्ति योजना चालू होने के बाद भी जबसे शुरू हुई कभी नियमित रूप से संचालित नही हो पाई ना ही फिल्टर युक्त पानी पहुंचा कहने के लिए फिल्टर प्लांट पर हर महीने रख रखाव पर पैसा खर्च हो रहा है। उसके बाद भी घरों में जो पानी पहुंच रहा है। वह पीने योग्य नही है मट मैला पानी पहुंच रहा है। उसमें भी कोई केमिकल नही डलने से बदबू आती है। लेकिन नगर की जनता की मजबूरी है हेडपंप में जल स्तर नीचे पहुंच जाने से जो सप्लाई में आए वही पीने को मजबूर है। अभी तक 4-5 दिनों में पानी मिल रहा था लेकिन विगत 8-10 दिनों से जल सप्लाई बंद पड़ी हुई है। जनप्रतिनिधियों को कोई दिक्कत नही उनके घरों में टेंकर पहुंच जाते हैं परेशानी सिर्फ नगर की आम जनता के लिए है। जो पानी के लिए पिक्का लेकर इधर उधर भरने जाना पड़ रहा है जनता की मजबूरी है जहां से मिले वहां से पानी के लिए परेशान हो रही है। वही इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक व पशुपालन डेयरी मंत्री राज्यमंत्री लखन पटेल का कहना है कि मेरे द्वारा तो हर संभव प्रयास किए जाते हैं पर स्थानीय स्तर पर परिषद समस्या को गंभीरता से नही लिया जा रहा है। डेम निर्माण कार्य पूरा हो गया उसके बाद भी सप्लाई क्यों प्रभावित हो रही है।

वही इस संबंध में सीएमओं राजेश अवस्थी का कहना है कि मोटर जल गई थी वहां पर जाने की रास्ता नही था इसलिए लेट लतीफी हुई अब व्यवस्था शुरू हो गई है।

## प्रेमी ने प्रेमिका को जंगल में ले जाकर खाई में फेंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

शनिवार सुबह मडियादो थाना क्षेत्र के चोरइया गांव के जंगल में एक युवती घायल अवस्था में मिली। सड़क किनारे कराह रही महिला की सूचना ग्रामीणों द्वारा मडियादो पुलिस को सूचना दी गई। महिला की पहचान मन्नो पति प्रेमचंद कुशवाहा निवासी गांव ननोरा थाना श्रीनगर जिला महोबा उत्तरप्रदेश के रूप में हुई। महिला के अनुसार उसको नशीली दवा का सेवन कर उसका प्रेमी ओर प्रेमी का चचेरा भाई घाटी से नीचे फेंककर भाग गए। महिला के अनुसार मेरे साथ मेरी 4 साल की लड़की थी जिसका भी पता नहीं कि उसको जंगल में मेरी तरह फेंक गए या ले गए। पुलिस द्वारा महिला के बताने पर जंगल की तलाश शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मडियादो लाया गया जहां उसका उपचार किया गया। महिला ने बताया कि वह ओर उसका पति दिल्ली में मजदूरी करते थे। बबलू कुर्मी निवासी ननोरा से उसकी पहचान तीन साल से थी। शादी न करने पर मरने की बात कहकर बबलू ने उसे एक हफ्ते पहले टीकमगढ़ बुलाया गया था। वह टीकमगढ़ अपनी चार साल की बच्ची पूजा के साथ आई। जहां से वह नौगांव पहुंची और बबलू के साथ तीन दिन रही। वहीं नौगांव के बाद वह बबलू उसे खरगापुर ले गया और वहां एक सुरक्षित स्थान पर छोड़कर ननोरा चला गया। मेरी तबियत खराब थी तो वह शुक्रवार शाम को आया और मुझे दवा खिलाई । शाम को वह अपने चचेरे भाई तुलसी के साथ जीप से मुझे छतरपुर लाया था और इस जंगल में देर रात ले आया। उन्होंने मुझे खाई से फेंक दिया। इसके बाद मुझे होश नहीं। जैसे तैसे मैं रोड तक पहुंची ।

## रिश्वतखोर वनपाल को चार साल की सजा

**दमोह।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दमोह संतोष कुमार गुप्ताा आरोपित राधे श्याम श्रीवास्तव, (वनपाल) वन परिक्षेत्र सगौनी, वृत्त नोहटा जिला दमोह, उम्र 53 वर्ष, निवासी इंद्रमोहन नगर डॉ मनीष पटेल के पीछे, थाना कोतवाली दमोह को दोषसिद्ध पाते हुए भ्रष्टोचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन -2018) की धारा धारा 13(1)बी सहपठित धारा 13(2)में दोषसिद्ध करते हुए 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 11 दिसंबर 19 को आवेदक उत्तम पटेल पिता बाबूलाल पटेल, निवासी बडगुवा थाना नोहटा तह जबेरा जिला दमोह ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर से शिकायत किया था कि वह खेती बाडी का कार्य करता हूँ, अपने खेत पर मकान निर्माण के लिये फर्सियां खरीदी थी, जो फर्सीयों को अपने निवास स्थान से अपने ट्रेक्टर कमांक एम.पी. 34 ए 2845 पर लोड करवाकर अपने ट्रेक्टर को लेबर शंकर पिता खूबचन्द्र पटेल के यहाँ रख दिया था और शाम को अपने निवास स्थान वापिस आ गया था, इसके बाद दूसरे दिन उसका ट्रेक्टर लेबर शंकर पटेल के पास खड़ा नही होने से इसकी रिपोर्ट लिखाने थाना नोहटा गया, तो थाना के कर्मचारियो ने उसका ट्रेक्टर वन विभाग के पास होना बताया था, तो वह वन विभाग के सगौनी बीट पर गया, तो वहां पर वन विभाग के साहब नहीं मिले। इसके बाद उसे वन विभाग से ट्रेक्टर जप्ती के संबंध में नोटिस प्राप्त हुआ, तो वह दिनांक 25 नम्बवर 19 को वन विभाग कार्यालय गया तो वन विभाग के अधिकारी नहीं मिलने से वह पुनः वापिस आ गया था. इसके बाद वह दिनांक 10 दिसंबर 19 को फिर से वन विभाग के अधिकारी वनपाल राधेश्याम श्रीवास्तव से मिला तो उन्होने मुझे बोला कि तुम 10,000 रूपये की व्यवस्था कर लो तुम्हारा ट्रेक्टर छूट जायेगा. आवेदक, आरोपी को रिश्वहत देना नहीं चाहता था, बल्कि उसे रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था.आवेदक द्वारा की गई शिकायत की तस्द्ीक पश्चात ट्रेप का आयोजन किया गया, आवेदक द्वारा अनावेदक से संपर्क कर रिश्वत मांग संबंधी बातचीत को रिकार्ड किया गया.मांगवार्ता के दौरान अनावेदक आवेदक से 10,000 रूपये लेने को सहमत हो गया तथा आवेदक द्वारा 10000 की राशि की व्यीवस्थात न होने से रिश्व त के रूप में 7000 रूपये लोकायुक्तक कार्यालय लेकर पहुंचा। ट्रेप के दौरान आरोपी राधेश्याम श्रीवास्तव से उक्त रिश्वत राशि 7000 रूपया बरामद की गई. विवेचना में संकलित भौतिक, मौखिक व इलेक्ट्रानिक अभिलेखीय साक्ष्य के आधार पर आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय पेश किया गया। मामले में दस्तावेजी साक्ष्य व मौखिक साक्ष्य व अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्को से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा दिनाँक 28 फरवरी 2025 को पारित निर्णय में आरोपी को दण्डित किया गया.अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनंत सिंह ठाकुर द्वारा प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी कैलाश चंद पटेल के मार्गदर्शन में की गई तथा प्रकरण में विवेचना उपुअ राजेश खेड़े द्वारा की गई व विनय नामदेव द्वारा आवश्याक सहयोग किया गया।

## जन औषधि दिवस पर निकाली भव्य रैली



**दमोह।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत जन औषधि दिवस 2025 के अवसर पर दमोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर माननीय जिला कलेक्टर, सुधीर कुमार कोचर, सीएमएचओ डॉ मुकेश जैन एवं प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना मध्य प्रदेश के सहायक प्रबंधक अनुज तिवारी, ड्रग इंस्पेक्टर मैडम महिमा जैन, केन्द्र संचालक किशन लाल हुरा, पंकज हर्ष श्रीवास्तव गायत्री शक्तिपीठ प्रमुख, सरदार गोविंद सिंह वाग्गा गुरुनानक एजुकेशन सोसायटी के सचिव, प्रमोद बजाज व्यापारी संथा कैट के प्रमुख, अंजू मोगिया विश्व हिंदू परिषद प्रमुख, सेवंती गुजराती पूर्व प्रमुख व्यापारी संघ, नरेंद्र दुबे , अशोक छाबड़ा अध्यक्ष राम मन्दिर समिति दमोह, अनिल कोटवानी जी अध्यक्ष सिंधी समाज दमोह, लाखन गुप्ता अध्यक्ष वैश्य समाज, मोंटी रायकवार समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूरे मध्य प्रदेश में 542 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र संचलित हैं जहां सभी दवाएं सस्ती कीमत पर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के तहत मेडिकल स्टोर्स और संगठनों द्वारा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस रैली के माध्यम से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। जन औषधि परियोजना का उद्देश्य आम जनता को किफायती दरों पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराना है। इस परियोजना के तहत संचालित मेडिकल स्टोर्स पर बाजार कीमत से काफी कम दरों पर दवाइयां मिलती हैं, जिससे लाखों लोगों को लाभ हो रहा है। दाम कम - दवाई उत्तम के नारे के साथ, इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों ने मिलकर प्रयास किए। जन औषधि दिवस 2025 का आयोजन 1 से 7 मार्च तक पूरे देशभर में किया जा रहा है। इस तरह के आयोजनों से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और जागरूकता में बढ़ोतरी होगी, जिससे आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।



## परीक्षार्थियों ने टाट पट्टी पर दिये दो पेपर, अब आसपास स्कूलों से हो रहा फर्नीचर का जुगाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं 12वीं के स्टूडेंटों के लिए बनवार हाई सेकेंडरी स्कूल में बनाया गया लेकिन परीक्षा केंद्र मैं फर्नीचर की व्यवस्था तक परीक्षा शुरू होने के पहले नहीं की गई और स्टूडेंटों को दो पेपर टाट पट्टी में बैठकर हल करना पड़े जब नायब तहसीलदार बनवार अटल बिहारी वर्मा के द्वारा निरीक्षण किया गया तो स्टूडेंट टाट पट्टी पर बैठकर पेपर देते हुए मिले इसके बाद आनन फानन शिक्षा विभाग के द्वारा फर्नीचर का जुगाड़ तान शुरू किया गया। घटेरा और बलारपुर हाई स्कूल से फर्नीचर ट्रैक्टरों में लोड करके बनवार हायर सेकेंडरी परीक्षा केंद्र भिजवाया जा रहा है। हाई स्कूल घटेरा और बलारपुर से भेजा गया। फर्नीचर 2 सीटर होने की बजह से एक परीक्षार्थी को एक ही फर्नीचर पर बैठने के कारण जहां एक और अधिक कमरों की व्यवस्था करना पड़ेगी जो कि शिक्षा विभाग के लिए संभव नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है शासन के निर्देश अनुसार एमपी बोर्ड कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा शुरू होने से पहले फर्नीचर की व्यवस्था करवाने के निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन बनवार हायर सेकेंडरी विद्यालय में बनी परीक्षा केंद्र में फर्नीचर की व्यवस्था नहीं की गई । दो पेपर होने के बाद आसपास के स्कूलों से जुगाड़ तान करके फर्नीचर उपलब्ध करवाया जा रहा है।



नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा का कहना है बीते दिन 12th का पेपर का निरीक्षण किया गया था और परीक्षार्थी टाट पट्टी पर परीक्षा देते हुए पाए गए थे जिसकी बाद परीक्षार्थियों को फर्नीचर उपलब्ध करवाने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया था। हायर सेकेंडरी बनवार प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार का कहना है। विद्यालय में फर्नीचर की व्यवस्था नाम मात्र की है हमें फर्नीचर उपलब्ध नहीं करवाया गया है इस कारण यह अव्यवस्था हुई है। एमपी बोर्ड के 10वीं 12वीं के स्टूडेंट के लिए आसपास के हाई स्कूलों से फर्नीचर की व्यवस्था करवाई जा रही है।

## टाइगर रिजर्व के छिरारी में मादा भालू ने किसान पर किया हमला किसान घायल



**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के ग्राम छिरारी के पास मादा भालू ने एक किसान पर हमला कर दिया। भालू के हमले में किसान घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, राकेश रैकवार उम्र 45 साल निवासी छिरारी शनिवार दोपहर खेत में थे। उनकी गाय करीब दो दिन से घर नहीं आई है। वह गाय को तलाशने के लिए खेत से थोड़ी दूर टाइगर रिजर्व के जंगल से निकली नदी के किनारे जा रहा था रास्ते में अचानक झाड़ियों में छिपे भालू ने हमला कर दिया। राकेश ने शोर मचाया तो भालू मौके से भाग गया। जिसके बाद वह घायल अवस्था में घर पहुंचे परिवार वालों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। घायल राकेश ने बताया कि खेत के पास झाड़ियों में भालू छिपा था। मैं गाय देखने के लिए जा रहा था। तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर उसने हमला कर दिया। मुझे कुछ समझ नहीं आया। शोर मचाया तो भालू भाग गया। हमले में हाथ में घाव लगे हैं। घटनाक्रम की सूचना टाइगर रिजर्व के वन विभाग को दी गई है। किसान खतरे से बाहर है।

### मेडीकल कॉलेज निश्चित ही आने वाले समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दमोह जिले के लिये बहुत लाभकारी होगा- सांसद

# दमोह मेडिकल कॉलेज मेरे राजनीतिक जीवन की एक बड़ी उपलब्धि है- सांसद राहुल सिंह

### सांसद ने मेडीकल कॉलेज के निर्माण कार्यो का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सांसद राहुल सिंह लोधी ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ आज निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज का जायजा लिया। उन्होंने नर्सिंग बिल्डिंग, केंटीन, प्ले ग्राउंड, डॉक्टर्स के क्वाटर्स, छात्रावास आदि निर्माण कार्यो का जायजा लिया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारीगण मौजूद थे।





सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा आज मेडीकल कॉलेज का आकार जो बनते देख रहे है। चाहे वह नर्सिंग बिल्डिंग, केंटीन, प्ले ग्राउंड, डॉक्टर के क्वाटर्स का कार्य तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की यह बहुत बड़ी योजना है, उन्होंने कहा कि यह मेरे राजनीतिक जीवन कि यह बड़ी उपलब्धि है। यह मेडीकल कॉलेज संपूर्ण दमोह जिले के लिये, पन्ना, बड़ा मलहरा, बक्सवाहा के लिये मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा 6 माह पहले देखने के लिये आये थे, तब से काम की गति बहुत तेज है, इसी दिसम्बर तक यह कार्य पूरा हो जायेगा। यहां पर बहुत तेजी से काम चल रहा है। समय-समय पर अधिकारियों से साथ यहां की मॉनिटरिंग कर रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिपार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा, और पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटैल जी और पूरी केन्द्र और राज्य सरकार को बधाई देते हुये कहा, सभी के प्रयास से दमोह को एक बहुत बड़ी उपलब्धि मिलने वाली है। जो निश्चित ही आने वाले समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दमोह जिले के लिये बहुत लाभकारी होगा। सांसद श्री राहुल सिंह ने कहा इसके बनने से मेडीकल क्षेत्र के अलावा भी और रोजगार मिलेंगे जैसे साफ-सफाई करने वालों को, और भी अन्य लोगों को क्योंकि जब कोई बड़ा उद्योग या कॉलेज आता है, तो निश्चित ही रोजगार मिलते है। मुख्य बात यह है कि सभी को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा, अभी लोगों को सागर और जबलपुर जाना पड़ता है, लेकिन जब मेडिकल कॉलज बन जायेगा तो आस-पास के क्षेत्र से जो लोग यहां इलाज करवाने के लिये आयेंगे, उन्हें यहां पर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और साथ ही वह यहां पर रूकेंगे तो अन्य लोगों की भी इससे आय होगी। मेडिकल कॉलेज की पहली बैच प्रारंभ हो जाए, यह सभी का लक्ष्य है, इसी लक्ष्य के साथ हम सभी कार्य कर रहे हैं। गुणवत्ता की जांच भी लगातार चल रही है, ताकि गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता न हो और इसको हम लगातार निरीक्षण करेंगे ताकि कार्य समय पर पूरा हो और यहां पर पानी की व्यवस्था के लिए हमने प्रपोजल राज्य सरकार को भेज दिया है, पूरी उम्मीद है कि जल्द ही एक रिवाईस संेक्शन मिल जाएगी जिससे पानी की समस्या यहां पर नहीं आएगी। आने वाले समय में जल निगम के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।